जिला संगठन ने 5 निर्वाचित पार्षदों को जारी... पृष्ठ 2 | विश्व क्षय दिवस के अवसर... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

बुधवार, 26 मार्च 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 159, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


## साहू समाज के स्वाभिमान और सांस्कृतिक धरोहर को मिला नया आयाम

# मुख्यमंत्री साय ने भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती पर किया ऐतिहासिक डाक टिकट का विमोचन









**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की धरती आज एक ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनी, जब भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती के पावनअवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित कर्माधाम परिसर में माता कर्मा को समर्पित डाक टिकट का भव्य विमोचन किया। यह डाक टिकट न केवल श्रद्धा की प्रतीक माता कर्मा के त्याग और समर्पण को अमर करता है, बल्कि साहू समाज के गौरवपूर्ण इतिहास और सांस्कृतिक परंपरा को भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा प्रदान करता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर भक्त माता कर्मा मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। उन्होंने आदर्श विवाह समारोह में शामिल नव दंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए समाज की एकजुटता और संस्कारशीलता की सराहना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा भक्त माता कर्मा का जीवन निष्ठा, बलिदान और भक्ति की मिसाल है। डाक टिकट के माध्यम से उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाना, भावी पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बनेगा। साहू समाज ने हमेशा मुझे अपार स्नेह दिया है और मैं समाज की इस ऐतिहासिक मांग को स्वीकार करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्र सरकार का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी जानकारी दी कि राजिम माता की मूर्ति स्थापना सहित अन्य विकास कार्यों के लिए पूर्व में घोषित 5 करोड़ रुपए की राशि अब बजट में शामिल कर दी गई है, जिससे समाज के धार्मिक स्थलों के विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने माता कर्मा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि माता कर्मा का आशीर्वाद समाज और प्रदेश दोनों के लिए कल्याणकारी है। यह डाक टिकट मातृशक्ति के सम्मान का प्रतीक है। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने डाक टिकट विमोचन को तैलिक समाज के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा यह डाक टिकट एक प्रतीक नहीं, बल्कि माता कर्मा के संघर्ष, सेवा और त्याग की राष्ट्रीय मान्यता है। समारोह में छत्तीसगढ़ साहू समाज के अध्यक्ष श्री टहल सिंह साहू ने स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर संत माता कर्मा आश्रम शक्तिपीठ रायपुर को सामाजिक योगदान के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से सम्मानित किया गया, जो पूरे समाज के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम में विधायक श्री मोतीलाल साहू, श्री पवन साय, विधायक श्री दीपेश साहू, विधायक श्री संदीप साहू, डाक सेवाएं निदेशक श्री दिनेश मिस्त्री सहित साहू समाज के अनेक प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मंत्री ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

## मरीजों से बातचीत कर अस्पताल में मिल रहे सुविधाओं एवं उपचार के संबंध में ली जानकारी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा एवं बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज यहां अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान बसंतपुर राजनांदगांव स्थित जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ स्वास्थ्य सचिव श्री अमित कटारिया, कमिश्नर चिकित्सा शिक्षा श्रीमती किरण कौशल, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड श्रीमती पद्मिनी भोई, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक जिला अस्पताल डॉ. यूके चंद्रवंशी उपस्थित थे। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल जिला चिकित्सालय निरीक्षण के दौरान ओपीडी कक्ष, पुरूष वार्ड, हमर लैब, प्रसुति वार्ड सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाएं, साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाले भोजन, मेडिकल स्टाफसहित अन्य आवश्यक जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने मरीजों से बातचीत की और यहां उपलब्ध किए जा रहे चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। नंदई चौक निवासी मीहिर हरिहारनों ने बताया कि उन्हें कल रात से तेज बुखार है, जिसके उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती हुए। नंदई चौक निवासी नंद कुमार जांगड़े ने बताया कि बुखार के कारण चार दिन से भर्ती है। स्वास्थ्य मंत्री ने मरीज के कमजोरी को देखते हुए, उनका अच्छे से उपचार करने के लिए चिकित्सकों को निर्देशित किया। स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य अधिकारियों से अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों का बेहतर से बेहतर ईलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पाल में भर्ती बालोद जिले के मरीज सुरीत निषाद से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मरीज के स्वास्थ्य को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को सीकल सेल जांच कराने के निर्देश दिए। बसंतपुर निवासी टीकम सिंह ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं एवं उपचार की प्रशंसा की। स्वास्थ्य मंत्री के साथ मरीज टीकम ने सेल्फी लेने का आग्रह किया। इस पर स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने प्रसन्नता के साथ टीकम के साथ सेल्फी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, श्री कोमल सिंह राजपूत, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल सहित स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं अधिकारी उपस्थित थे।



# वन-वृक्ष हमारी सभ्यता-संस्कृति के परम रक्षक : द्विवेदी



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तम महाविद्यालय राजनांदगांव में संस्था प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के प्रमुख निर्देशन में भूगोल एवं विज्ञान संकाय के संयुक्त संयोजन में विश्व वानिकी दिवस के महत्तम परिप्रेक्ष्य में जनजागरण विचार-विमर्श आयोजित किया गया। प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी पर्याविज्ञ ने छात्राओं को बताया कि संपूर्ण विश्व जगत में प्रकृति एवं मानव के परस्पर संतुलन के मूल आधार स्तंभ प्राकृतिक वन ही है। वनों से ही पारिस्थितिक तंत्र का एक अत्यंत आवश्यक भाग पूर्ण हो पाता है। मानव की समग्र जीवनचर्या में वन-वृक्षों का विशेष महत्व रहता है। प्राकृतिक वनों से ही एक साथ मनुष्य को विभिन्न प्रकार के फल-फूल, वनस्पत्तियां, औषधियां एवं जड़ी-बूटियां प्राप्त होती है। सबसे महत्वपूर्ण प्राण-वायु आक्सीजन की आपूर्ति पेड़-पौधों से ही होती है। सनातन काल से हमारी हिन्दू संस्कृति में वृक्षों को देव तुल्य मानते हुए इनके पूजन-वंदन-अराधन की गौरवशाली परंपरा रही है। वास्तविकता में प्राकृतिक अरण्य-वन-वृक्ष ही मानव सभ्यता-संस्कृति के परम रक्षक हैं। जिनका वर्तमान गहराते पर्यावरणीय संकट के निदान में इनका संरक्षण ही प्राथमिक आवश्यकता है। हर हाल में प्रत्येक जन-जन एवं युवा-किशोर-प्रौढ़ पीढ़ी को वन-वृक्ष संरक्षण के लिए आगे आकर पूर्ण मन-प्राण से संकल्पित होना होगा और विशेष पहल करनी होगी। इस अवसर पर विचार-विमर्श में समस्त सहभागी छात्राओं एवं प्राध्यापकाओं ने वन-वृक्षों के संरक्षण की शपथ ली और वन संपदा संरक्षण संबंधी प्रेरक नारे भी लगाये।

## राजनादगांव को इसलिए ही कहा जाता है संस्कारधानी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनांदगांव के शांति नगर में एक दिल को छू लेने वाली घटना घटी। वहां एक गाय मरने की स्थिति में पड़ी थी, जिसे देखकर कुछ बच्चों के मन में दया आई। उन्होंने गाय को बचाने के लिए मदद की गुहार लगाई, लेकिन जब कोई नहीं रुका, तो उन्होंने खुद ही गाय का इलाज करने का फैसला किया इन बच्चों में से एक आर्यन गजबिए ने डॉक्टर को कॉल कर बुलाया और गाय का इलाज करवाया। उनके साथी प्रिश वर्मा, गौरव वर्मा और अन्य मित्रों ने भी इस प्रयास में उनका साथ दिया यह घटना न केवल इन बच्चों की दया और सहानुभूति को दर्शाती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि माता-पिता के संस्कार बच्चों पर कितना प्रभाव डालते हैं। राजनांदगांव को संस्कारधानी कहा जाता है, और यह घटना इस नाम को सार्थक करती है।



## पेयजल को लेकर एस डी एम ने बैठक लिया

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जनपद पंचायत डोंगरगांव में वर्तमान में विकासखंड में आ रही जल संकट की समस्या एवं फसल चक्र में परिवर्तन के संबंध में एसडीएम श्रीकांत कोराम की अध्यक्षता में जनपद पंचायत डोंगरगांव के सभागार में उपस्थित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगांव रोशनी भगत,जनपद अध्यक्ष रंजीता पटौदी,उपाध्यक्ष मनीष साहू एवं जनपद सदस्यों , तकनीकी सहायक कैडर आदि की उपस्थिति में सभी जनप्रतिनिधियों को विभिन्न विभाग जैसे नरेगा प्रधानमंत्री आवास,,आदि के द्वारा जानकारी प्रदाय किया गया, एवं भविष्य में आ रही समस्या को ध्यान में रखते हुए कार्य अधिक से अधिक कराए जाने एवं पंचायत स्तर में आ रही जल समस्या से निपटने के सम्बन्ध में चर्चा की गई।




# डा. रमन सिंह को ओमप्रकाश ने पुरखा के सुरता की प्रति भेंट किया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** साहू सदन बसंतपुर में जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कर्मा जयंती समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. रमन सिंह को साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष, साहित्य प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव के संयोजक, शिक्षक ओमप्रकाश साहू अंकुर ने अपनी गद्य कृति पुरखा के सुरता की प्रति भेंट किया।साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज , डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी के विधायक भोलाराम साहू, जिला साहू संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष भागवत साहू को भी अपनी किताब भेंट किया। वीदित हो कि अंकुर की कृति पुरखा के सुरता का विमोचन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर में किया था। इस किताब को छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग ने प्रकाशित किया है जिसमें छत्तीसगढ़ के पुरखा साहित्यकारों, समाज सुधारक और लोककलाकारों के व्यक्तित्व एवं उनके कृतित्व पर केंद्रित है।



## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का 3 अप्रैल को छत्तीसगढ़ दौरा

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आगामी 3 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के दौरे पर आ सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, वे बस्तर संभाग में आयोजित बस्तर पंडुम महोत्सव के समापन समारोह में भाग लेंगे। बस्तर पंडुम महोत्सव एक पारंपरिक उत्सव है, जिसमें स्थानीय आदिवासी संस्कृति, नृत्य, लोकगीत, हस्तशिल्प और रीति-रिवाजों का भव्य प्रदर्शन किया जाता है। इस महोत्सव की शुरुआत बस्तर की समृद्ध परंपराओं को बढ़ावा देने और स्थानीय संस्कृति को सहेजने के उद्देश्य से की गई थी। गृह मंत्री के इस दौरे से बस्तर की सांस्कृतिक धरोहर को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सकती है, जिससे क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।



# आतिशबाजी के साथ संस्कारधानी में निकाली गई भक्त कर्मा माता जी की भव्य 350 कलश शोभायात्रा

## बड़ी संख्या में शामिल हुए सामाजिक बंधु, जगह-जगह की गई थी सामाजिक जनों के द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला साहू संघ द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कर्मा जयंती महोत्सव के शुभ अवसर शहर में भक्ति भाव से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई।प्रारंभ में साहू सदन में स्थित भक्त माता कर्मा जी के मंदिर में जिलाध्यक्ष भागवत उपाध्यक्ष नीरा साहू उपाध्यक्ष शैलेंद्र साहू , महामंत्री नीलमणि साहू कोषाध्यक्ष,नोबल साहू, नगर साहू संघ के अध्यक्ष कुलेश्वर साहू,तहसील साहू संघ के अध्यक्ष अंजु साहू,सहित विभिन्न प्रकोष्ठ के संयोजक के मौजूदगी में कर्मा माता जी की पूजा - अर्चना व आरती कर कलश शोभायात्रा निकाली गई तो वहीं नयनाभिराम आकर्षण कर्मा माता जी की झांकी सजाई गई थी जो लोगों का बेहद खूबसूरत आकर्षण का केंद्र बिंदु रहा।कलश शोभायात्रा का आरंभ जिला साहू संघ के साहू सदन सबंतसे इंदिरा नगर चौक से नंदई चौक, कुआं चौक पुराना गंज चौक,भारत माता चौक आजाद चौक - मानव मंदिर से गांधी चौक होते हुए गौरव पथ मार्ग से होते हुए वापस जिला साहू सदन में समाप्त हुई।इस दौरान शोभायात्रा में माता कर्मा माता जी की जयघोष से संस्कारधानी गुंजायमान हो रही थी।कलश शोभायात्रा यात्रा के दौरान सामाजिक बंधुओं के द्वारा ठंडा पेय पदार्थ एवं फलों की शानदार व्यवस्था रखी गई थी।उक्त जानकारी जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणि साहू ने दी।



nandgaon times march-26-4.qxd 3/25/2025 11:58 PM Page 2



# जिला संगठन ने 5 निर्वाचित पार्षदों को जारी किया कारण बताओ नोटिस

## कांग्रेस विधायक भोलाराम साहू को भी जारी हो सकती है नोटिस, विधायक पर भी अनुशासनहीनता व पार्टी प्रत्याशी को हराने के लिए काम करने की शिकायते

**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न हो चुका है। लेकिन चुनाव के दौरान पार्टी द्वारा घोषित व समर्थित प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव में भीतरघात करने वाले एवं पार्टी को हराने में जुटे दोनो पार्टी के विभीषणों की कुंडलिया निकलने लगी है। शिकवा शिकायत का दौर शूरू होते ही पार्टी ने उन भीतरघातियो को नोटिस जारी करना भी शुरू कर दिया है । जिन्होने अनुशासनहीनता करते हुए पार्टी को के हार के मुंह में धकेल दिया। उन्हे अब संगठन ने कारण बताओ नोटिस देना प्रांरभ कर दिया है। इसकी शुरूआत आश्चर्यजनक ढंग से कांग्रेस पार्टी के अंदर से हुई है। कांग्रेस के जिला संगठन ने नगर पंचायत के 5 नवनिर्वाचित पार्षदों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और उनसे पांच दिवस के अंदर जवाब मांगते हुए यह चेतावनी दी है कि यदि जवाब संतुष्टिजनक नही पाई गई तो उनके खिलाफ शीर्ष संगठन को कार्रवाई के लिए अनुशंसा की जाएगी।

नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ चौकी के जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर ने 25 मार्च को नगर पंचायत अंबागढ चौकी के उपाध्यक्ष पद के चुनाव में पार्टी की अनदेखी कर संगठन द्वारा प्रत्याशी चयन के लिए आयोजित बैठक से दूरी बनाने तथा अपने मन से चुनाव में प्रत्याशी चयन कर चुनाव में भाग लेने तथा पार्टी को हार दिलाने वाले कांग्रेस के नवनिर्वाचित पांच पार्षद को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिला कांग्रेस संगठन के अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर ने कहा की नवनिर्वाचित पार्षदों द्वारा नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव में किया गया कृत्य घोर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। पार्षदों के इस कृत्य से संगठन की जो क्षवि धूमिल हुई है, वह अक्षमय है।

**इनको मिला कारण बताओ नोटिस**

जिला कांग्रेस कमेटी ने एक माह पूर्व नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस की टिकिट लेकर चुनाव जीतकर आए वार्ड क्रमांक 1 पार्षद श्रीमती खेदीबाई अमिला, वार्ड 3 के पार्षद रितेश मेश्राम, वार्ड 7 की पार्षद श्रीमती गोपीचंदा देवागन, वार्ड 9 मुकेश सिन्हा, वार्ड 10 के पार्षद झरनेश कुंभकार को कारण बताओ नेटिस जारी करते हुए पांच दिवस के अंदर लिखित में जवाब प्रस्तुत करने को निर्देषित किया है। समय सीमा में जवाब प्रस्तुत नही करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए अनुशंसा किए जाने की भी चेतावनी दी गई है।

**कांग्रेस पार्षदों ने उपाध्यक्ष चुनाव में स्वयं उतार दिया केंडीडेट**

नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव के लिए प्राधिकृत अधिकारी ने 19 मार्च की तिथि निर्धारित की थी। तिथि आने के बाद कांग्रेस के जिला संगठन ने प्रत्याशी चयन के लिए नगर के साहू धर्मशाला में पार्टी के निर्वाचित पार्षदों की बैठक बुलाई थी। बैठक में प्रत्याशी चयन व पार्षदों से चर्चा व चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के वरिष्ठ महामंत्री शाहिद भाई, डॉ थानेश्वर पाटिला, प्रदेश सचिव मेहुल मारू को अधिकृत किया था। बैठक में जिला संगठन प्रभारी डॉ. आफताब आलम व जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार ध्रुवे सहित नगर के वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित थे। लेकिन कांग्रेस पार्षद इस बैठक से दूरी बना ली और स्वय प्रत्याशी चयन कर चुनाव में उतर गए। इधर जैसे ही कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारियो को इस बात की जानकारी लगी की पार्टी के पार्षदों ने बैठक की अनदेखी कर स्वंय प्रत्याशी उतार लिया है वे बैठक को स्थगित कर नगर से वापस लौट गए। इस घटनाक्रम व पार्षदों की अनुशासनहीनता से खफा कांग्रेस पार्टी के इन वरिष्ठ नेताओ ने अंबागढ चौकी में पार्टी पार्षदों के इस कृत्य की पुरी रिपोर्ट बनकार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को सौप दी।



भाजपा में भी बवाल पर अब तक जारी नही हुई एक भी नोटिस

**विधायक भोलाराम को भी जारी हो सकती है नोटिस**

त्रिस्तरीय पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिली करारी हार का दंश खुज्जी विधायक भोलराम साहू को भी झेलना पड सकता है। विधायक भोलाराम साहू पर नवीन जिला के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 के लिए पार्टी द्वारा अधिकृत प्रत्याषी श्रीमती शेशवरी ध्रुवे को हराने तथा निर्दलीय प्रत्याशी को जिताने के लिए खुले आम सभाए व जनसंपर्क करने की गंभीर शिकायते मिली है। अंबागढ चौकी ब्लाक में विधायक भोलाराम द्वारा पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ किए गए प्रचार प्रसार व सभाओ का नगर व क्षेत्र आडियो व विडियो भी बाटी गई है। इसके अलावा विधायक भोलाराम साहू पर नगरीय निकाय चुनाव में उपाध्यक्ष पद के लिए हुए निर्वाचन में पार्टी की बैठक में शामिल होने के लिए पार्षदों को रोकने तथा अपने मन से ही चुनाव में प्रत्याशी उतार देने तथा नगर पंचायत अध्यक्ष के चुनाव से दो दिन पूर्व कांग्रेस के वोटो को भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी के पक्ष में ट्रांसफर करने को लेकर गंभीर शिकायते मिली है। इसे पार्टी गंभीरता से ले रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर ने शिकायतो की पुष्टि करते हुए कहा कि शीश संगठन की ओर से विधायक भोलाराम साहू को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। नही तो जिला संगठन विधायक श्री साहू को कारण बताओ नोटिस जारी करेगी।

**भाजपा में भी बवाल एवं तूफान से पहले की शांति**

कांग्रेस की तरह भाजपा में भी भीतरघातियो को लेकर सर फुटौव्वल की स्थिती है। भाजपा मे तो त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अध्यक्ष का केडीडेट बनाने के लिए सौदेबाजी व लेन देन की गंभीर शिकायते है और तो और चुनाव में पार्टी के वरिष्ठ नेताओ पर दिन व रात में अलग अलग प्रत्याशियो के पक्ष में प्रचार करने और पार्टी प्रत्याशी को हराने के लिए कार्य करने की शिकायते भी सामने आई है। चुनाव के बाद भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा की जा रही निरंतर शिकायतो एवं मीडिया में आ रही खबरो के बाद भी भाजपा संगठन की चुप्पी ने भाजपा को समझने वाले लोगो को हैरत में डाल दिया है। आश्चर्य है कि भाजपा जैसी संगठन जंहा सिद्धांत व अनुशासन के साथ नैतिकता की दुहाई दी जाती है लेकिन यंहा पर अनुशासन पूरा तार - तार हो गया है। अब तो दबी जुंबा में यह चर्चा भी होने लगी है की पार्टी के भीतर घातियो के साथ संगठन के शीर्ष पदाधिकारियो से समझौता हो गया है। बहरहाल भाजपा में भीतरघातियो को लेकर बचाल मचा हुआ है। और शिकवा शिकायतो का दौर जारी है। यदि निर्णय नही हुआ तो बात प्रदेश आलाकमान तक पहुचने में भी देर नही लगेगी।

## सीआरसी ठाकुरटोला में क्षेत्रीय पेरेंट्स मीटिंग के पहले दिन विशेषज्ञों के व्याख्यान हुए

**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** सीआरसी ठाकुरटोला में दो दिवसीय क्षेत्रीय पेरेंट्स मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पहले दिन छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और आंध्रप्रदेश से



अभिभावकों ने भाग लिया। गौरतलब है कि, कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। मुख्य अतिथि सुश्री महिमा सोनी (एबीएस ग्रुप), श्री शिव राजन (बीएसपी सीएसआर महाप्रबंधक), और श्री सुरेंद्र सर (इंडियन बैंक मैनेजर) ने अपने विचार साझा किए। तकनीकी सत्रों में राष्ट्रीय ट्रस्ट की योजनाएँ, किशोरावस्था में मेटाबोलिक वेलनेस, मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियाँ, सरकारी योजनाओं के लाभ, और अभिभावकों की आत्म-प्रवक्तिता पर विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। कार्यक्रम निदेशक श्रीमती स्मिता महोबिया और समन्वयक श्री प्रशांत मेश्राम के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मीटिंग का उद्देश्य पेरेंट्स को जागरूक और सशक्त बनाना था, जिसे प्रभावी रूप से पूरा किया गया।



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमन डोंगरे के द्वारा अधिवक्ता संघ डोंगरगढ़ को 25 कुर्सी प्रदान किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ डोंगरगढ़ ने धन्यवाद ज्ञापित किया है!

## मोहनपुर में विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर आयोजित 335 लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाई वितरण किया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** एसबीआई फाउंडेशन एवं शिखर युवा मंच राजनांदगांव के द्वारा संचालित एमएमयू टीम द्वारा डोंगरगढ़ वनांचल के ग्राम मोहनपुर में विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर अस्थि रोग निवारण एवं जनरल जांच को लेकर शिविर आयोजित किया गया । जिसमें आसपास के आठ गांवों के 335 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं 29 लोगों का पैथोलॉजिकल परीक्षण किया गया। एवं निशुल्क दवाइयां वितरण भी की गई ।

शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनीता मांडवी , जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू , जनपद सदस्य श्री अशोक नेताम, सरपंच श्री सुखराम पटेल , उप सरपंच श्री परमेश्वर मांडवी , ग्राम पंचायत के सभी सदस्यों मितानिनो ने दीप प्रज्वलित कर कैंप प्रारंभ किया जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष श्री गिरवर साहू एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनीता मंडावी ने कहा कि डोंगरगढ़ के 20 गांव में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से वनांचल के वंचित समुदाय के लोगों को घर पहुंच सेवा , ब्लड जांच , शुगर जांच , बीपी जांच कर त्वरित इलाज करना हमारे इस वनांचल क्षेत्र के लिए वरदान साबित हो रहा है । साथ ही जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनीता मंडावी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चारभाठा से श्री राकेश सिन्हा ,



श्री सुपरवाइजर, की गरिमा मय उपस्थिति में क्षय रोग दिवस के अवसर पर संजीवनी टीम राजनांदगांव द्वारा उपस्थित लोगों को क्षय रोग के लक्षण , उपचार , बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। एसबीआई संजीवनी टीम के जिला समन्वयक योगेश चौहान ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जोड़ो से संबंधित बीमारियों की रोकथाम और उपचार के प्रति जागरूकता फैलाना एवं गांव के लोगों को उनके गांव में स्वास्थ्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में डॉक्टर डी. के. साहू , डॉक्टर एल .के. साहू , डॉक्टर टी. घोष , डॉक्टर ईश्वर यादव , श्रीमती अनीता मंडावी, श्री सुखराम पटेल सरपंच, श्री परमेश्वर मांडवी उपसरपंच , श्री गिरवर साहू , श्री अशोक नेताम, पंचायत के सभी पदाधिकारी संजीवनी टीम से योगेश चौहान जिला समन्वयक , आशीष साहू लैब टेक्नीशियन, मनोज कश्यप फार्मासिस्ट , दीपिका जोशी स्टाफ नर्स , लिखिल सहारे पायलट , एवं पंचायत के सभी पंच मितानिन एवं गांव के ग्रामीणों भारी संख्या में उपस्थित थे । तथा अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया एवं उनके समर्पण और मेहनत से शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन व सहा. शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ ने पंचायत सचिव संघ की हड़ताल का किया समर्थन



**डोंगरगढ (नांदगांव टाइम्स)।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ के महासचिव योगेश चौरे व मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफरे नेतृत्व में कोषाध्यक्ष भीषण ठाकुर , सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के अध्यक्ष हीरालाल मोर्य, संयोजक चंद्रशेखर विजयवार, सक्रिय सदस्य गुलमोहन वर्मा, फेडरेशन महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुश्री लक्ष्मी देवांगन, प्रवक्ता पुष्पांजलि चंद्राकर, सचिव मीनाक्षी हेमने , डोंगरगढ़ के धरना स्थल पंहुचकर पंचायत सचिव संघ के हड़ताल को समर्थन देते हुए मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफरे ने कहा कि पंचायत सचिव हमारे पंचायतीराज व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है।भाजपा ने अपने जनघोषणा पत्र (जिसे भाजपा ने मोदी की ग्यारंटी कहती है ) में इन पंचायत सचिवों के 100 दिन में शासकीयकरण करने का वादा किया था लेकिन आज देड साल होने पर भी भाजपा सरकार इनके साथ वादाखिलाफ़ी करने पर उतारू है जिससे पंचायत सचिव हड़ताल करने को विवश है और सभी शासकीय कार्य व योजनाएं ठप पड़ी है। ब्लॉक मुख्यालय डोंगरगढ़ में विगत 17 मार्च से जारी छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के प्रांतव्यापी अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी है । इस हड़ताल में डोंगरगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत 100 ग्राम पंचायतों के सचिव हड़ताल पर बैठे हैं ।महासचिव योगेश चौरे ने पंचायत सचिव संघ की मांग को जायज बताते हुए जल्द ही उन्हे शासकीय करण हेतु आदेश जारी करने की मांग की है,उन्होने कहा कि शासन के समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं को संचालन करने में सचिवो की महत्वपूर्ण भूमिका होती है सन् 1995 से समस्त शासकीय दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करते हुए सरकार की सफलता में जो योगदान दिये हैं वो प्रशंसनीय है, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुश्री लक्ष्मी देवांगन , प्रवक्ता पुष्पांजलि चंद्राकर व सचिव मीनाक्षी हेमने ने अपने विचार में वर्तमान छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा अपने चुनावी संकल्पपत्र में प्रदेश में कार्यरत समस्त सचिव को शासकीय कर्मचारी बनाने का वादा किया है उसे निभाते हुए प्रदेश में कार्यरत पंचायत सचिवों को शासकीय सचिव घोषित कर जल्द ही समस्त सुविधाएं प्रदान करने की मांग की है ?। आज के समर्थन में संगठन पुरुषोत्तम रामटेके, विजय जी, मनहरण हंसे , उत्तमचंद सोनी , प्रीति लाटिया उपस्थित रहें।

**शुभांक**
**4-6-7**
**677-0 334-0**
**भाग्यांक**
**120-3 457-6**

## निधन

**सावित्री देवी**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मोतीपुर निवासी बंशीलाल बाघमारे की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री देवी का निधन हो गया। 55 वर्षीय धर्म पारायण महिला सावित्री देवी पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही है। उनका अंतिम संस्कार मोतीपुर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। बाल- बच्चे व पति सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई सावित्री देवी की आत्मा की शांति के लिए मुक्ति धाम में दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान बंशीलाल बाघमारे के परिजन व मोतीपुर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। उनका तीजनहावन कार्यक्रम आज 26 मार्च को रखा गया है।




**कार्यालय ग्राम पंचायत बोरतलाव**
**जनपद पंचायत डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**बाजार नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आगामी दिनांक 28.03.2025 दिन शुक्रवार समय 11:00 बजे ग्राम पंचायत बोरतलाव की सप्ताहिक बाजार की नीलामी व पशुपथ नीलामी कार्यवाही पूर्व बैठक दिनांक 22.03.2025 प्रस्ताव क्रमांक त्त के अनुमोदन पश्चात् नीलामी किया जाना प्रस्तावित है जिसमें आप सभी जनमानस नीलामी में भाग लेने हेतु उपस्थिति देवें।

**नीलामी की नियम व शर्ते निम्नानुसार हैः-**

1. सरकारी बोली होंगी।, 2. बोलीकर्ता को अमानत राशि 5000/- रूपये जमा करना होगा।, 3. साप्ताहित बाजार की नीलामी 01.04.2025 से 31.03.2026 तक एक वित्तीय वर्ष तक होगी। 4. बोलीकर्ता पंचायत का बकायेदार नहीं होना चाहिए। 5. नीलामी पश्चात् ठेकेदार को राशि का 50त्न प्रतिशत राशि तत्काल जमा करना होगा शेष राशि 30 दिवस के भीतर जमा करना अनिवार्य है। 6. बाजार ठेकेदार द्वारा एक सप्ताह के भीतर 50 रूपयें का जुडिसियल स्टाम्प पेपर में नियम और शर्तो का अनुबंध करना होगा। 7. बाजार ठेकेदार द्वारा बाजार थोक में लगने वाले पसरे का वसूली किया जाएगा। 8. ठेकेदार द्वारा स्वयं पर्ची छपाकर ग्राम पंचायत का सील मोहर लगाकर जारी किया जाएगा।, 9. पसरा निर्धारण की सूची ग्राम पंचायत बोरतलाव के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

**नोट-** नीलामी की नियम व शर्ते सरपंच बोरतलाव के पास सुरक्षित रहेंगे.

**सरपंच ग्राम पंचायत बोरतलाव**
**जनपद पंचायत डोंगरगढ़**



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग(भ/स)संभाग मोहला-मानपुर-अं.चौकी**

ज्ञाप. क्रं. 577/व.ले.लि./NIT-04 To 07/2024-25/मो.मा.चौकी दिनांक 22.03.2025

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि — 08.04.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि — 21.04.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि — 23.04.2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| क्रमांक | कार्य का विवरण No Of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानती राशि | बैंक साल्वेंसी |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | |
| 4 T0004 | लो.नि.वि. उपसंभाग अं.चौकी के अंतर्गत कन्या परिसर में प्रस्तावित कोर्ट के लिए वाहन पार्किंग शेड का निर्माण कार्य (डी.एम. एफ. फंड के अंतर्गत) | 4.97 | 5000.00 | 75000.00 |
| 5 T0005 | लो.नि.वि. उपसंभाग अ.चौकी के कन्या शाला परिसर में प्रस्तावित कोर्ट के लिए पुरूष एवं महिला शौचालय का निर्माण कार्य (डी. एम. एफ. फंड के अंतर्गत) | 6.52 | 5000.00 | 100000.00 |
| 6 T0006 | लो.नि.वि. उपसंभाग अं.चौकी के बोरिया उपखंड में बाजार सामाग्री सप्लाई । | 5.00 | 5000.00 | 75000.00 |
| 7 T0007 | लो.नि.वि. संभाग मोहला मानपुर अं. चौकी में पेटी बाजार सामाग्री। | 5.00 | 5000.00 | 75000.00 |

**नियम व शर्ते** :- 1) पंजीयन की छायाप्रति 2) पेन कार्ड की छायाप्रति 3) जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रति 4) श्रमिक पंजीयन/ई.पी.एफ. पंजीयन प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति (राजपत्रित अधिकारी / नोटरी द्वारा) 5) निविदाकारों की श्रेणी द से अ निविदा प्रपत्र की कीमत राशि रू. 750.00 एवं कार्य की अवधि एन आई क्र. T0004, 02 माह, ÷एन आई क्र. T0005, 03 नाह, ÷एन आई क्र. T0006, 12 माह, एन आई क्र. T0007, 12 माह,

जी- 06122/4

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग(भ/स) संभाग**
**मोहला-मानपुर-अं.चौकी**

## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में लौकी में गमी स्टेम ब्लाइट पर शोध कार्य के लिए कलैया कृष्णमूर्ति राष्ट्रीय पुरस्कार किसे मिला?*
*2) पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए किस विश्वविद्यालय ने द क्लाइमेट इंस्टीट्यूट की शुरुआत की है?*
*3) जब राष्ट्रपति मृत्यु, त्यागपत्र, पदच्युत या अन्य कारणों से अपने कर्तव्य को नहीं निभा सकता है, तो उपराष्ट्रपति कितने समय तक राष्ट्रपति के रूप में कार्य करता है?*
*4) किसी राज्य में राज्यपाल की नियुक्ति संविधान के किस अनुच्छेद के तहत होता है?*
*5) हाल ही में मध्यप्रदेश में एक स्मारक से सम्मानित रानी दुर्गावती किस वंश से संबंधित थी?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) धनंजय एम. वी (2) अहमदाबाद विश्वविद्यालय (3) 6 माह (4) 155 के तहत होती है (5) चंदेला वंश

# विश्व क्षय दिवस के अवसर पर कार्यक्रम संपन्न

## टीबी रोग उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं निक्षय मित्रों का किया गया सम्मान



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, सभापति स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति नगर पालिक निगम राजनांदगांव श्री शैंकी बग्गा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि टीबी रोग उन्मूलन एवं शासन द्वारा टीबी रोगियों के उपचार के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जनप्रतिनिधियों एवं जनसामान्य के सहयोग से अधिक से अधिक प्रचार किया जाना चाहिए, जिससे जरूरतमंद तक मरीजों तक सुविधाओं का लाभ पहुंचे और देश को टीबी रोग से मुक्त किया जा सके। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले में टीबी उन्मूलन के लिए 100 दिवसीय निक्षय निरामय जांच एवं उपचार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने टीबी उन्मूलन के लिए लोगों को जागरूक करने कहा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने जिले में टीबी रोग के जांच, उपचार एवं रोकथाम के संबंध में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी तथा टीबी उन्मूलन हेतु जनसामान्य से सहभागिता के लिए अपील की। इस दौरान टीबी मुक्त राजनांदगांव की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में टीबी रोग उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं निक्षय मित्रों को प्रमाण पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बलिराम एवं संस द्वारा 5, कमल सॉल्वेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 5, दवा विक्रेता संघ राजनांदगांव द्वारा 25, पैरामेडिकल एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा 13, संतोष बिनवार के द्वारा 5 कुल 53 टीबी के मरीजों को निक्षय मित्रों द्वारा पोषण आहार प्रदाय किया गया। साथ ही विश्व क्षय दिवस के अवसर पर नर्सिंग महाविद्यालय के छात्राओं द्वारा टीबी रोग के जनजागरूकता हेतु शहर के प्रमुख मार्गों से रैली निकालकर टीबी रोग के उन्मूलन का संदेश दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में 8 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का सीवाय-टीबी जांच करते हुए विश्व क्षय दिवस का शुभारम्भ किया गया। विश्व क्षय दिवस के अवसर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिला क्षय अधिकारी डॉ. अल्पना लुनिया, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक जिला अस्पताल डॉ. यू.के. चंद्रवंशी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन श्री संदीप ताम्रकार सहित स्वास्थ्य व जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी, नर्सिंग महाविद्यालय की छात्राएं, निक्षय मित्र, टीबी मरीज एवं स्वयं सेवी संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कृतज्ञतापूर्वक मां भारती के वीर सपूतों का पुण्य स्मरण किया गया



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** बर्बर बर्तानिया अंग्रेज शासकों की दासता से अपने इस राष्ट्र भारत-वर्ष को मुक्त कराने के लिए प्राणों का उत्सर्ग कर देने वाले वीर क्रांतिकारी बलिदानी मां भारती के सपूत श्रद्धेय श्री राजगुरूजी, श्री सुखदेवजी और श्री भगतसिंग जी की आज 23 मार्च, 2025 को पुण्यतिथि के पावन अवसर पर राजीव दीक्षित मंच छत्तीसगढ़ के द्वारा उन स्वातंर्त्य-वीरों का पुण्य स्मरण किया गया।राजीव दीक्षित मंच-छत्तीसगढ़ के संस्थापक अध्यक्ष आनन्दकुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने स्वातंर्त्य समर के अमर बलिदानियों श्री भगत सिंह, श्री राजगुरू जी और श्री सुखदेव जी का स्मरण करते हुए कहा कि ब्रिटिश शासकों ने दमन की नीति अपनाते हुए इसी दिन भारत-वर्ष को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराने की इच्छा रखे उन वीर राष्ट्रभक्तों को फांसी दे दी थी, लेकिन इन क्रांतिवीरों का यह बलिदान स्वतंत्रता के आंदोलन को और भी तेज कर गया। अंग्रेज सरकार से लड़ाई लड़ते हुए उन वीर सपूतों के बलिदान को कभी भुलाया ना जा सकेगा। इस अवसर पर धीरज द्विवेदी, समीर क्षत्री, अखिलेश श्रीवास्तव आदि प्रमुख गणमान्य जन उपस्थित थे।

# आवासीय पट्टा में व्यावसायिक परिसर का निर्माण

### गरीबों के हक मार रसूखदार भा ज पा नेता को दे दिया पट्टा

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** गरीबों को आवास प्रदान करने के



उद्देश्य से पिछली सरकार ने राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टा प्रदाय कर काबिज भूमि पर आवास बनाने के लिए अधिकार दिया था। वहीं इस योजना का लाभ अब सत्ता सरकार से जुड़े लोग अनैतिक रूप से उठा रहे हैं और शहर की बेशकीमती तथा व्यवसायिक भूमि पर बेधड़क कब्जा कर भा ज पा नेता निर्माण कार्य बेरोकटोक करा रहे हैं। मामला तब और गंभीर हो जाता है जब रसूखदार लोगों को उनकी पहुंच के आधार पर प्रशासन की मिलीभगत से अधिकार पट्टा का वितरण कर दिया जाता है।शहर में सैकड़ों ऐसे परिवार हैं जिनके पास आश्रय के लिए छत नहीं है और उनके आवेदन को संबंधित विभाग दरकिनार कर रद्दी की टोकरी में डाल दे रहा है। वहीं प्रशासन गरीब परिवारों को दिए गए विधिमान्य पट्टे को अमान्य बता कर त्वरित कार्यवाही करने में अपनी पूरी ताकत झोंक देता है।

**बस स्टैंड क्षेत्र में हुआ गड़बड़झाला**- नगर में राजस्व विभाग द्वारा आवासीय पट्टा का बंदरबांट का एक और उदाहरण सामने आया है। पुराने बस स्टैंड में अतिक्रमण के चलते सार्वजनिक प्याऊ घर गायब हो गया, वहीं उससे लगी रिक्त जमीन, जो कि वर्तमान सब्जी बाजार पहुंचने का मुख्य मार्ग है, को कुछ वर्षों पूर्व दीवार खड़ी कर कब्जा किया गया था। तत्कालीन समय में मामला तूल पकड़ने के बाद निर्माण कार्य रोक दिया गया था, लेकिन वर्तमान में निकाय में सत्ता बदलते ही फिर से निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

शहर के हृदय स्थल पर स्थित पुराने बस स्टैंड का यह क्षेत्र पूरी तरह से व्यावसायिक परिसरों से घिरा हुआ है, जहाँ आवासीय पट्टे के आधार पर निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। रसूखदारों के इस मामले को नगर पंचायत और राजस्व विभाग के अधिकारी जानकर भी अनजान बने हुए हैं।

**गरीबों के घर गिराए, रसूखदारों को छूट**- गौरतलब है कि शहर के एक गरीब परिवार के विधिवत निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास को लेंटर लेवल तक आने के बाद तोड़कर मलबा तक जब्त कर लिया गया था। वहीं, रसूखदारों द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को लेकर प्रशासन मौन है। अब देखना यह है कि नगर पंचायत और राजस्व विभाग के अधिकारी इस मामले में क्या कार्यवाही करते हैं।

**पट्टा जारी करने की पुष्टि**- राजस्व विभाग द्वारा एक भाजपा नेता के नाम से पट्टा जारी किया गया है। हालाँकि, इसमें कांट-छांट के संकेत मिलने पर राजस्व विभाग से वेरिफिकेशन कराया गया, जिसमें एक रजिस्टर की कॉपी प्राप्त हुई। इस कॉपी में पट्टा प्रदाय करने की जानकारी दर्ज है, जिसमें आरआई और पटवारी के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

**अधिकारियों की प्रतिक्रियाएँ**

विनम्र जेमा, सीएमओ, नगर पंचायत डोंगरगांव ने कहा, पट्टा राजस्व विभाग द्वारा जारी किया गया है। प्यारेलाल नाग, तहसीलदार, डोंगरगांव ने कहा, दो दिवस पूर्व ही मेरे संज्ञान में आया है, विधिवत जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# वातावरण परिशोधन हेतु यज्ञ आवश्यक है




**डोंगरगांव( नांदगांव टाइम्स)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में वंदनीया माता जी के जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष में चिरचारी खुर्द ,विकासखंड छुरिया में गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ । प्रथम पहर में प्रात: 9:00 बजे वरुण देवता का आवाहन पूजन किया गया। तत्पश्चात राजनांदगांव जिला के समन्वयक एवं प्रखर वक्ता जयप्रकाश सिन्हा डोंगरगांव , गायक ब्रह्मानंद, वादक सुकमन,प्रितम दास द्वारा वैदिक मंत्रो से पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न कराया गया। गायत्री परिजन एवं ग्रामीणों द्वारा गायत्री मंत्र ,महामृत्युंजय मंत्र एवं पर्यावरण संवर्धन हेतु विशेष आहुतियां दी गई।ग्राम के 88 वर्षीय सेवानिवृत शिक्षक रूप सिंह साहू , दीक्षित साहू ,प्रितराम साहू ,कामता प्रसाद साहू,भेष साहू,खिलेन्द्र साहू,लूमेन साहू, राजेन्द्र साहू, त्रिभुवन , देवेन्द्र साहू, गायत्री मानस परिवार के बहनें माथलडबरी से नरहरी पटेल एवं डोंगरगांव के वरिष्ठ कार्यकर्ता गिरधर साहू,भेष कुमारी, नीलिमा सिन्हा उपस्थित थे। सायं काल 4 बजे प्रवचन में प्रखर वक्ता जयप्रकाश सिन्हा द्वारा जीवन में गुरु का महत्व एवं शिष्य का समर्पण, युग परिवर्तन में दीप यज्ञ का महत्व पर सरल शब्दों में प्रकाश डाला गया ।नीलिमा सिन्हा ने राम आएंगे भजन गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दीप यज्ञ के पश्चात श्रद्धालु माता बहनों भाइयों द्वारा गरबा डांस नृत्य भी किया गया। देवताओं की विदाई एवं टोली विदाई करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया ।व्याख्याता खिलेंद्र साहू द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# भाजपा ने रोहित गुप्ता को किया निष्कासित



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद के चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में भाजपा ने रोहित गुप्ता को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री जगदीश रोहरा ने यह कार्रवाई की। गुप्ता पर पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने का आरोप था। उपाध्यक्ष चुनाव में रोहित गुप्ता का समर्थन किया था, जबकि पार्टी ने पुरुषोत्तम साहू को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया था।

**10 मार्च को हुआ था चुनाव, समीकरण बदले**

डोंगरगांव नगर पंचायत उपाध्यक्ष का चुनाव 10 मार्च को हुआ था, जिसमें 15 पार्षदों ने भाग लिया। इसमें अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी सहित 12 भाजपा और 3 कांग्रेस के पार्षद थे। रोहित गुप्ता ने निर्दलीय रूप से चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की, जिससे पार्टी में आंतरिक कलह बढ़ गई।

**पुरुषोत्तम साहू की शिकायत के बाद हुई कार्रवाई**

उपाध्यक्ष पद के आधिकारिक प्रत्याशी पुरुषोत्तम साहू ने इस पूरे मामले की शिकायत हाईकमान से की थी, जिसके बाद पार्टी ने रोहित गुप्ता को निष्कासित कर दिया।

**नगर पंचायत में बढ़ी हलचल**

रोहित गुप्ता के निष्कासन नगर पंचायत की राजनीति में हलचल मच गई है। भाजपा के इस सख्त रुख से संगठन में अनुशासन को लेकर कड़ा संदेश गया है। अब देखना होगा कि पार्टी नेतृत्व आगे क्या कदम उठाता है और नगर पंचायत की राजनीति किस ओर जाती है।

# भगत सिंह आज भी प्रासंगिक हैं - प्रभात तिवारी



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ इकाई राजनांदगांव के तत्वावधान में शहीदे आजम भगत सिंह के शहादत दिवस के की स्मृति में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रलेस राजनांदगांव इकाई के सचिव पोषण वर्मा ने बताया की गोष्ठी के प्रारंभ में मुकेश रामटेके ने कहा कि भगतसिंह ने जिस उम्र में आजादी के लिए क्रांति किया वो महान साहसिक कदम है जिसकी तुलना नहीं की जा सकती। आज उस उम्र के नौजवानों में वैसी चेतना नहीं दिखती। इसके पश्चात मुन्ना बाबू ने भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगत सिंह एक महान क्रांतिकारी होने के साथ महान विचारक और लेखक थे। उनका दिया नारा और उनका बलिदान हमेशा अमर रहेगा। श्रीकेश शर्मा ने भगत सिंह की शहादत को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया।इस अवसर पर प्रो. थानसिंह वर्मा ने कहा कि भगत सिंह को वैचारिक क्रांति की चेतना उनके परिवार से प्राप्त हुई थी। कम उम्र में ही भगत सिंह ने लेनिन, मार्क्स और दुनिया भर में हुई क्रांति के विचारों को पढ़ चुके थे । वे साम्राज्यवाद और शोषण के खिलाफथे। आजादी के लिए उन्होंने हिंदुस्तान क्रांतिकारी नाम से संगठन तैयार किया था। वे आजादी के बाद के भारत की संकल्पना के बारे में सोचते थे ।वे चाहते थे कि भारत अंधविश्वास और रूढ़िवादी विचारों से मुक्त होकर समता मूलक वैज्ञानिक चेतना से भरा हुआ देश हो जहां सभी पंथ ,समुदाय के लोग परस्पर मिलकर रहें। वेअंग्रेजों के फूट डालो और राज करो के सिद्धांत को बखूबी समझते थे।भगत सिंह ने अपने जीवन में छ: सौ से अधिक किताबें पढ़ीं। इतने कम समय में इतना काम करने वाला ऐसा कोई चिंतक नहीं मिलेगा। उनके विचारों और आदर्शों की जरूरत आज भी है। इकाई के सचिव पोषण लाल वर्मा ने कहा कि भगत सिंह मात्र तेईस वर्ष की उम्र में देश की आजादी के लिए शहीद हो गए। उस घटना के बाद नौजवानों में क्रांति की चिंगारी फूट पड़ी और वे समूचे भारत में क्रांति- अग्रदूत और नायक बन गए। आज उनके शहादत दिवस पर उन्हें और उनके विचारों को याद करना गर्व की बात है। अंत में प्रभात तिवारी ने कहा कि आज के युवाओं में उनके जैसी झलक बहुत कम ही देखने को मिलती है ।आज भगत सिंह जैसे सब कुछ कुर्बान करने वाले लोग नहीं मिलते।आज लोग सच बोलने से कतराते हैं। नौजवानों में उनके विचार पल्लवित करने की आवश्यकता है। गोष्ठी में हरेंद्र कंवर, आलोक पंसारी , अजय सिंह तथा धनेश उपस्थित रहे।अंत में कार्तिक साहू ने आभार प्रदर्शन किया।

## धर्म समाचार....

# कार्तिक के महीने में कब किया जाएगा करवा चौथ का व्रत?

वैदिक पंचाग के अनुसार कार्तिक माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर करवा चौथ का त्योहार मनाया जाता है। इस पर्व के आने का सुहागिन महिलाओं को बेसब्री से इंतजार रहता है। करवा चौथ का दिन सुहागिन महिलाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में आइए जानते हैं इस साल करवा चौथ का व्रत कब किया जाएगा? देशभर में कार्तिक माह में पड़ने वाला करवा चौथ का त्योहार बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस शुभ तिथि पर सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए संध्याकाल तक निर्जला व्रत करती हैं। साथ ही करवा माता से वैवाहिक जीवन में सुख और शांति प्राप्ति के लिए कामना करती हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, करवा चौथ व्रत करने से वैवाहिक जीवन खुशहाल होता है और सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। इस दिन चंद्र देव को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण किया जाता है। इससे शुभ फल की प्राप्ति होती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 09 अक्टूबर को रात 10 बजकर 54 मिनट से शुरू होगी। वहीं, अगले दिन




यानी 10 अक्टूबर को रात को 07 बजकर 37 मिनट पर तिथि खत्म होगी। इस प्रकार साल 2025 में करवा चौथ का व्रत का 10 अक्टूबर को किया जाएगा।

**शुभ मुहूर्त**

सूर्योदय - सुबह 06 बजकर 19 मिनट पर
सूर्यास्त - शाम 05 बजकर 57 मिनट पर
चंद्रोदय - रात 08 बजकर 13 मिनट से
चन्द्रास्त- सुबह 09 बजकर 48 मिनट पर
ब्रह्म मुहूर्त - प्रात: 04 बजकर 40 मिनट से 05 बजकर 29 मिनट तक
गोधूलि मुहूर्त - शाम 05 बजकर 57 मिनट से 06 बजकर 21 मिनट तक
निशिता मुहूर्त - रात्रि 11 बजकर 43 मिनट से देर रात 12 बजकर 45 मिनट तकअभिजीत मुहूर्त - सुबह 11 बजकर 57 मिनट से दोपहर 12 बजकर 13 मिनट तक

करवा चौथ के उपाय -वैवाहिक जीवन को खुशहाल बनाए रखने के लिए करवा चौथ के दिन श्रद्धा अनुसार सुहागिन महिलाओं को सुहाग की चीजें, अन्न, और धन समेत आदि चीजों का दान करना चाहिए। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस उपाय को करने से वैवाहिक जीवन हमेशा खुशहाल रहता है और पति-पत्नी के रिश्ते मजबूत होते हैं। इसके अलावा पति-पत्नी के बीच चल रहे मतभेद को दूर करने के लिए करवा चौथ के दिन उपाय करना फलदायी साबित होता है। इस दिन शाम को बरगद के पत्ते पर अपना और पति का नाम लिखें। इसके बाद पत्ते को अपने सिर के ऊपर से 3 या 7 बार घुमाएं। इसके बाद इसे जला दें। मान्यता के अनुसार, इस उपाय को करने से पति-पत्नी के रिश्ते में सुधार होता है। साथ ही रिश्ते मजबूत होते हैं।

## जीवन से सीखें ये जरूरी सबक, कोई नहीं रोक पाएगा आपकी सफलता

आचार्य चाणक्य अपने नीति शास्त्र में शिक्षा राजनीति और घर-परिवार से जुड़ी कई बातों का उल्लेख करते हैं जो आज के समय में भी काफी महत्वपूर्ण बनी हुई हैं। आज हम आपको आचार्य चाणक्य के अनुसार कुछ ऐसी बातों के व्यक्ति को हमेशा ध्यान रखना चाहिए इससे आपको अपने लक्ष्य प्राप्त करने में काफी मदद मिल सकती है। आचार्य चाणक्य भारत के विद्वानों की सूची में शामिल हैं, जो एक महान शिक्षक भी थे। उन्हें राजनीति, अर्थशास्त्र, युद्ध रणनीति का बहुत ही अच्छा ज्ञान था। चाणक्य के अनुसार कई बार जीवन में हमें कई सबक मिलते हैं, जिनका ध्यान रखा जाए, तो हम भी जीवन में सफलता को प्राप्त कर सकते हैं।



**जरूर ले सबक**- आचार्य चाणक्य का कहना है कि हर व्यक्ति को जीवन का सबसे पहला सबक खुद की गलतियों से ही लेना चाहिए और उन गलतियों को कभी दोबारा नहीं दोहराना चाहिए। इससे आपके लिए लक्ष्य प्राप्ति का रास्ता और भी आसान हो जाता है। इसके साथ ही वह व्यक्ति भी जीवन में हमेशा सफल होता है, जो दूसरों की गलतियों से सबक ले लेता है।

**बढ़ सकती हैं मुसीबतें**- आचार्य चाणक्य कहते हैं कि व्यक्ति को कभी भी उन लोगों से दोस्ती नहीं करनी चाहिए, जो आपके सामने तो आपके मित्र हैं, लेकिन पीछे दुश्मन का काम करते हैं। आचार्य चाणक्य के मुताबिक व्यक्ति को जीवन में ऐसे लोगों से हमेशा सावधान और दूर रहना, क्योंकि यही लोग आगे चलकर आपके सबसे बड़े दुश्मन की भूमिका निभाते हैं।

nandgaon times   march-26-4.qxd   3/25/2025   11:58 PM   Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भक्त माता कर्मा जयंती कार्यक्रम में हुए शामिल







**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर साहू सदन बसंतपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर साहू समाज के साथ-साथ प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में साहू समाज पूरी दृढ़ता, ईमानदारी, परिश्रम एवं मजबूती के साथ खड़ा है। साहू समाज मेहनतकस होने के साथ-साथ धार्मिक प्रवृत्ति वाला है। यह एक ऐसा समाज है जो नशे से दूर रहकर राज्य के विकास में अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने भक्त माता कर्मा का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपने भक्ति बल पर बालक श्रीकृष्ण का आव्हान किया था। साहू समाज के लोग वर्तमान में कृषि, प्रशासन, व्यवसाय, राजनीति सहित सभी क्षेत्रों में में आगे बढ़ रहे हैं और विकास में अपना योगदान कर रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने साहू समाज के निर्मित भवन में डोम निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व सांसद श्री दीपक बैज, विधायक डोंगरगांव श्री दलेश्वर साहू, विधायक खुज्जी श्री भोलाराम साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि देश में छत्तीसगढ़ को पलायन करने वाला और पिछड़े राज्य के रूप में जाना जाता था, लेकिन अब देश में विकास के मामले में बहुत तेजी से आगे बढ़ा है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ देश का 18 प्रतिशत लोहा, 20 प्रतिशत सीमेंट, 30 हजार मेगावाट से अधिक का विद्युत का उत्पादन करता है, वहीं यहां के किसानों के अपनी फसल का उचित मूल्य मिल रहा है और उनके खाते में राशि अंतरित की जाती है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए यह कहा कि 2047 से पहले छत्तीसगढ़ देश के पहले तीन राज्यों में विकास के मामले में अपना स्थान बना लेने में सफल होगा। उन्होंने बताया कि भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर रायपुर में डाक टिकट जारी किया गया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को विशेष रूप से बधाई दी। पूर्व मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने साहू समाज को विशेष रूप से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि माता भक्त कर्मा का जीवन हम सभी को मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस अवसर पर समाज की वर्ष भर की संपूर्ण गतिविधियों की समीक्षा की जानी चाहिए और जिन क्षेत्रों में समाज एवं समाज के लोग आगे बढ़े हैं, उन्हें रेखांकित किया जाना चाहिए। इसके अलावा समाज अच्छाईयों को अपनाए, बुराईयों का परित्याग करें, समाज में व्याप्त रूढ़िवादी विचारों और परंपराओं का परित्याग कर आगे बढ़े। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेकर समाज आगे बढने का प्रयास करें। उन्होंने उपस्थित माताओं-बहनों का आव्हान करते हुए कहा कि वे अपने परिवार के बच्चों और सदस्यों को संस्कारवान बनाएं तथा समाज को आगे बढने में मदद करें। पूर्व सांसद श्री दीपक बैज ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। श्री भागवत साहू ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू, श्री खेदूराम साहू, श्रीमती गीताघासी साहू, श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री पदम कोठारी सहित साहू समाज के अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

**साहू समाज के निर्मित भवन में डोम निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की घोषणा**

# संस्कारधानी की महत्ता के अनुरूप की जायेगी पदयात्री सेवा

## बागेश्वरधाम में माँ बम्लेश्वरी पदयात्री सेवा हेतु हुई बैठक

**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रति नवरात्र अनुसार श्री बागेश्वर धाम मंदिर उत्सव भवन में माँ बम्लेश्वरी जाने वाले पदयात्रियों की सेवा विशेषकर विश्राम सेवा, स्नान, मोबाईल चार्जिंग, महिलाओ के लिए विशेष व्यवस्था, तथा नवरात्र में अन्य धार्मिक आयोजनों हेतु संयुक्तसेवा पंडाल की बैठक हुई । जिसकी जानकारी देते हुए आयोजन समिति के संयोजकों पंकज गुप्ता, , सौरभ खंडेलवाल, भावेश अग्रवाल,सूरज गुप्ता, योगेश साहू, महिला सेवा अध्यक्ष श्रीमती मधु खंडेलवाल ने बताया कि प्रथम .राजनांदगाव रत्न वरिष्ठ समाज सेवी डॉ श्री डी.सी. जैन व बढ़ते कदम के अध्यक्ष श्री गुरूमुख दास वाधवा की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वप्रथम बागेश्वर उत्सव भवन जो कि जन सामान्य के धार्मिक, मांगालिक, पारिवारिक आयोजनों सबसे दर पर जनसमान्य को उपलब्ध करवाया जा रहा है उसके पूर्ण होने की जानकारी पंकज गुप्ता द्वारा देकर




उपस्थित वरिष्ठजनों के स्वागत पश्चात बैठक आरंभ हुई बैठक में वरिष्ठ समाज सेवी प्रख्यात वक्ता श्री राकेश इंद्रुभूषण ठाकुर,आस्था मूक बधिर संस्था के पूर्व अध्यक्ष श्री हेमंत तिवारी, पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष श्री राजेश शर्मा, काली माई मंदिर समिति के श्री रघु शर्मा, संरक्षक श्री रामवतार जोशी, श्री सोहन गुप्ता, कसौधन वैश्य समाज की महिला मंडल प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ता व शहर अध्यक्ष श्रीमती अन्नू गुप्ता, आयोजन समिति की महिला अध्यक्ष श्रीमती मधु खंडेलवाल,शनिधाम मंदिर के राकेश ठाकुर साइंस कॉलेज की पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता आदि ने संस्कारधानी के नाम के महत्व,अर्थ के अनुसार समस्त संस्कारधानी वासियों को पदयात्रियों की सेवा व अन्य आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में अपनी तन-मन धन से श्री बागेश्वर धाम मंदिर मे सेवा उपस्थिति देने का आग्रह किया जिसमें संस्कारधानी के सेवा प्रकल्प की पदयात्रियों की सेवा से दूर-दूर तक संस्कारधानी का नाम उसके अनुरूप सेवा में भी प्रसिद्धि पा सके । बैठक में अनेक धर्म सेवकों ने बाहर होने के बावजूद श्री मोबाईल के माध्यम से ऑनलाईन अपनी उपस्थिति व सुझाव सेवा हेतु दिये । संचालन पंकज गुप्ता व आभार सूरज गुप्ता द्वारा किया गया । सेवा बैठक में प्रमुख रूप से योगेश साहू श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता, रूपनारायण गुप्ता, अजय गुप्ता, गोविन्द नारायण गुप्ता,सौरभ गुप्ता, गोल्डी, श्रीमती श्यामा गुप्ता, श्रीमती माधुरी शर्मा, श्रीमती यशोदा गुप्ता,मीठू शर्मा, आदि अनेक धर्म सेवीगण उपस्थित थे । उक्त जानकारी बागेश्वर धाम सेवक, सौरर्भ गुप्ता गोल्डी, सम्पत गुप्ता द्वारा दी गई ।

# माया बिन रहे नई जाए नामक मूवी के प्रसारण प्रतिबंध लगाने विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

## कहा भारतीय और छत्तीसगढ़ की संस्कृति को दूषित करने वालों पर हो सख्त कार्यवाही

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सिनेमा घरों में 4अप्रैल को मया बिना रहे नई जाय नामक मूवी रिलीज हो रही है, जिस फिल्म में रिश्ते में सगे भाई बहन करण और किरण द्वारा मुख्य किरदार निभाया जा रहा है, जिसमें सगे भाई बहन द्वारा प्रेमी प्रेमिका / पति पत्नी की तरह व्यवहार दृश्य डाले गए है।



इस पर विश्वहिंदू परिषद जिला सामाजिक समरसता प्रमुख बाबाजी बौद्ध ने बताया कि भारत देश परंपराओं का देश है एक भाई बहन जैसे पावन रिश्ते को तार तार किया गया है, सगे भाई बहन द्वारा प्रेमी गानों एवं फिल्म में भी साथ में ऐसे दृश्य मौजूद है जो कि किसी भी प्रकार से सगे भाई बहनों द्वारा परफॉर्म नहीं किया जाना चाहिए यह अशोभनीय और अभद्रता है। हिंदू छत्तीसगढ़ी संस्कृति में भाई बहन के रिश्ते को पवित्र मानते है और मर्यादित व्यवहार करते है लेकिन इस फिल्म के द्वारा एक्टर,एक्ट्रेस एवं डायरेक्टर द्वारा यह कृत्य छत्तीसगढ़ी संस्कृति हिंदू संस्कृति के विरुद्ध है हम इसका पुरजोर विरोध करते है।

वही इस पर नगर मंत्री नवीन अग्रवाल ने बताया कि सिनेमा से युवा इन चीजों को देख कर अपने रिश्तों को गलत दृष्टि से देखेंगे, आज इस कृत्य से छत्तीसगढ़ की बदनामी हो रही है। जिसके विरोध में आम छत्तीसगढ़ी पहले ही विभिन्न यूट्यूब चैनलों एवं न्यूज के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कर चुके है। अत: प्रशासन से निवेदन है की उपरोक्त फिल्म के प्रसारण पर अपने प्रदेश और जिल में पूर्णत: प्रतिबंध लगाया जाये एवं फिल्म के डायरेक्टर, एवं एक्टर पर आवश्यक कार्यवाही किया जाए, अन्यथा बजरंग दल बड़े स्तर पर विरोध और प्रर्दशन हेतु बाध्य रहेगा। यह सम्पूर्ण जानकारी बजरंगदल जिला संयोजक सुनील सेन ने दी।

# पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज का शहर कांग्रेस ने किया आत्मीय स्वागत

## शहर अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने की भेट मुलाकात



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला स्तरीय कर्मा जयंती समारोह का आयोजन राजनांदगांव जिला साहू संघ द्वारा किया गया। जिसमें छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज 25 मार्च मंगलवार को स्थानीय साहू सदन बसंतपुर चिकित्सालय के पास भक्त माता कर्मा जयंती समारोह में आगमन हुआ। इससे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का न्यू सर्किट हाउस में कांग्रेसजनों द्वारा फुलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि जिला साहू संघ द्वारा जिला स्तरीय कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पहुंचे थे। इससे पूर्व पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज मंगलवार को दोपहर 2 बजे कांग्रेसजनों से मुलाकात करने बसंतपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस पहुंचे जहां पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा फुल गुलदस्ता व फुलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पीसीसी अध्यक्ष श्री बैज ने उपस्थित कांग्रेसजनों को भक्त शिरोमणी माता कर्मा जयंती की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व विधायक छन्नी साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, कमलजीत सिंह पिन्टू,श्रीकिशन खंडेलवाल, सुदेश देशमुख, पंकज बांधव, पीसीसी महासचिव शाहिद खान, थानेश्वर पाटिला, मेहुल मारू, आफ्ताब आलम, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, जिपं सदस्य महेन्द्र यादव, रौशनी सिन्हा, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, महामंत्री झम्मन देवांगन, हनी ग्रेवाल, फिरोज अंसारी, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, हफीज खान, संतोष पिल्ले, अमिन हुद्दा, सतीश मसीह, राजा तिवारी, अशोक फ्डनवीस, शकील रिजवी, शैलेश ठावरे, दुलारी साहू, मनीष साहू, सुरेन्द्र देवांगन, संगीता साहू, मधुकर वंजारी, हेमु सोनी, सुरेन्द्र गजभिए, चेतन सिन्हा, अवधेश प्रजापति, शौर्य वैष्णव, दीनू साहू, अमित जंघेल, नीरज कन्नौजे, जितेन्द्र सिन्हा, राहुल देवांगन, संदीप जायसवाल, सागर ताम्रकर, शैलेष रामटेके, विजय अग्निहोत्री, विनोद गेन्डे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## अजाक्स जिला राजनांदगांव के जिलाध्यक्ष के निर्वाचन की सूचना

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी व कर्मचारी संघ (अजाक्स) पंजीयन क्रमांक 10/2001 छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त संगठन के कोर ग्रुप की बैठक दिनांक 21/03/2025 को लिए गए निर्णय के तारतम्य में जिलाध्यक्ष का चुनाव कराया जाना है। साथ ही पूरी कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा। जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ चौरे सर की सेवानिवृत्ति पर उक्त आशय प्रक्रियाधीन है। इस संबंध में अजाक्स साथियों से आग्रह है कि आप सभी दिनांक 30 मार्च 2025, रविवार समय दोपहर 2 बजे स्थान हल्बा सामुदायिक भवन, कौरिन भाठा (बीज भंडार निगम), राजनांदगाँव के सभागृह में अपनी अपनी महती उपस्थिति प्रदान कर सभी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के समस्त अधिकारी और कर्मचारियों से पुन:अपील करते हैं कि अधिकाधिक संख्या में आप सभी सम्मिलित होंगे। उक्त जानकारी अजाक्स के कार्यकारी सचिव विरेन्द्र कुमार रंगारी द्वारा दी गई है।

# तनुजा सलामे संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर व्हालीबाल ग्राउंड राजनांदगांव पहुंची



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर की संचालक माननीया तनुजा सलामे मैडम आज अपरान्ह 4 बजे महावीर चौक राजनांदगांव में स्थित व्हालीबाल ग्राउंड पहुँच कर ग्राउंड का निरीक्षण कर जायजा लिया उन्होंने वँहा उपस्थित सभी खिलाड़ियों के साथ मिलकर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा आने वाले समय मे इंडोर व्हालीबाल ग्राउंड राजनांदगांव में बनाने की बात कही साथ ही कहा कि अस्सोसीएसन को इस खेल के लिए खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव मदद करेंगे। उक्त निरीक्षण के दौरान संचालक मैडम के साथ अंतरराष्ट्रीय व्हालीबाल खिलाड़ी रेखा पदम भी उपस्थित थी।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com